8. प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।

9. प्रवेश द्वार पर सभी अभ्यर्थियों के तापमान की जांच थर्मामीटर गन से की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति का तापमान सामान्य से अधिक (>$99.14^0$ F) होता है या वायरस का कोई लक्षण दिखाई देता है तो उसे स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

10. अभ्यर्थी पंजीकरण में:

**a. अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो लेकर तथा IRIS स्कैन द्वारा किया जाएगा । ली गई फोटो आवेदन (बुलावा पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी। आपकी शक्ल/रूप-रंग आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अलग नहीं होनी/होना चाहिए।**

**b. फोटोग्राफ और IRIS अभ्यर्थी के खड़े होने की मुद्रा में लिया जाएगा ।**

**c. अभ्यर्थी को सीट क्रमांक दिया जाएगा ।**

11. रफ शीट, बुलावा पत्र और ID प्रमाण प्रबंधन

- **अभ्यर्थी, प्रत्येक अभ्यर्थी डेस्क पर रखी रफ शीट का इस्तेमाल करेंगे।**
- **अभ्यर्थी को लैब/स्थल को छोड़ते समय उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या किसी तय स्थान पर ID प्रमाण प्रति सहित बुलावा पत्र डालने के संबंध में निर्देशों का पालन अवश्य करना चाहिए।**
- **अभ्यर्थी को लैब/स्थल से बाहर निकलते समय, वहाँ उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या परीक्षा पदाधिकारियों द्वारा निर्देशित तय स्थान पर रफ शीट, बुलावा पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए।**

12. परीक्षा आयोजित होने के बाद नियंत्रण:

- **परीक्षा समाप्त होने पर, प्रत्येक उम्मीदवार के लिए IRIS सत्यापन किया जाएगा ।**
- **परीक्षार्थियों को व्यवस्थित ढंग से अर्थात एक बार में एक परीक्षार्थी को, बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। कृपया परीक्षा निरीक्षक से अनुदेश की प्रतीक्षा करें और जब तक सूचित न किया जाए, अपनी सीट से न उठें ।**

## आपको शुभकामनाएं